**प्रेस विज्ञप्ति**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## रूस के प्रतिनिधिमंडल द्वारा विश्वविद्यालय का भ्रमण

पन्तनगर। 5 फरवरी 2025। हाल ही में विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा सेंट पीटर्सबर्ग स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ वेटरनरी मेडिसिन, रसिया में भ्रमण किया गया था जहां पन्तनगर कृषि विश्वविद्यालय एवं सेंट पीटर्सबर्ग स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ वेटरनरी मेडिसिन, रसिया के मध्य करार पर हस्ताक्षर हुआ था। उसी क्रम में विश्वविद्यालय में सेंट पीटर्सबर्ग स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ वेटरनरी मेडिसिन, रसिया से 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल जिसमें संकाय सदस्य एवं विद्यार्थी सम्मिलित है के द्वारा 5 से 15 फरवरी 2025 तथा 28 फरवरी से 6 मार्च 2025 तक विश्वविद्यालय की विभिन्न शैक्षिक और शोध इकाइयों, पंतनगर के आसपास के उद्योगों, निकटवर्ती पहाड़ी क्षेत्रों, नैनीताल, राजभवन देहरादून, आईसीएआर–आईवीआरआई, बरेली; आईसीएआर–राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान, करनाल आदि क्षेत्रों का भ्रमण कर शोध एवं तकनीकी जानकारी प्राप्त करेंगे।

वरिष्ठ प्रतिनिधिमंडल में प्लेमायाशोव क्रिल रेक्टर; निकितिन जॉर्जी प्रो–रेक्टर तथा दस विद्यार्थियों के प्रतिनिधिमंडल में लिउटिक एकातेरिना, हेड, इन्टरनेशनल डिवीजन; क्रास्कोव दिमित्री एपिजूटोलॉजी; सेमेनोवा वैलेरिया, जेनेटिक एण्ड रिप्रोडक्टिव बायोटेक्नोलॉजी; मकारोव एंटोन, सर्जरी; पिलिपेट्स एलिजावेटा, सर्जरी; कायमोवा एलिना, एनाटॉमी; हलांस्की दिमित्री, फार्माकोलॉजी; पंडरंगी हर्षा, सर्जरी; कोटारी पवन तेजा, थेरेपी एवं मिर्जाकेवा इरिना, मास्टर प्रोग्राम छात्र, जीवविज्ञान विभाग सम्मिलित है।

विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों की प्रयोगशालाओं, स्थलों आदि का भ्रमण डा. एच.जे. शिव प्रसाद, निदेशक, अंतर्राष्ट्रीय मामले के देख–रेख में डा. अमन कंबोज, रूसी प्रतिनिधिमंडल समन्वयक/सहायक प्राध्यापक; डा. अनीता, सह निदेशक, अंतर्राष्ट्रीय मामले; डा. स्नेहा दोहरे, सहायक निदेशक, अंतर्राष्ट्रीय मामले के सहयोग से किया जायेगा।

**निदेशक संचार**